कलेक्टर से मिले सरपंच एसोसिएशन संगरिया के प्रतिनिधि

हनुमानगढ़ । ग्राम पंचायतों में विकास कार्य करवाने में आड़े आ रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सरपंच एसोसिएशन संगरिया के बैनर तले संगरिया तहसील की ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन की संगरिया तहसील अध्यक्ष सिमरजीत कौर के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से मिले सरपंचों ने बताया कि हनुमानगढ़ -श्रीगंगानगर जिलों में अधिकतर लोग ढाणियों में निवास करते हैं। ढाणियों में आने-जाने वाले ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस समस्या के समाधान के लिए मनरेगा और विभिन्न योजनाओं के तहत ढाणियों को सड़क से जोड़ने की स्वीकृति दी जाए। सरपंचों ने बताया कि पंचायतों की ओर से पक्के कार्य करवाने की स्वीकृति पांच लाख रुपए तक दी जाती है। इससे ऊपर की राशि पर टेंडर प्रक्रिया पंचायत समिति की ओर से स्वीकृत की जाती है।

'बच्चे देश का भविष्य, इनका सर्वांगीण विकास हमारी सामूहिक जिम्मेदारी'

रावतसर कुम्हारान में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन हुआ

बीकानेर, । जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने गुरुवार को रावतसर कुम्हारान में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी को मॉडल के रूप में विकसित करने में भामाशाहों के सहयोग की सराहना की और आह्वान किया कि ऐसे नेक कार्यों में अधिक से अधिक लोग भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इनका सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए छोटी-छोटी शुरुआत की जाए। उन्होंने कहा कि सजग आंगनबाड़ी अभियान के तहत जिले की 500 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श रूप में विकसित किया जा रहा है।

यहां अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने में भामाशाह लगातार आगे आ रहे हैं। यह प्रयास बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। भामाशाहों द्वारा केंद्र के लिए एक एलईडी टीवी, 25 छोटी कुसिर्यां, 20 पौशाकें और स्कूल बैग, 10 कार्टून खिलौने, खाने खाने की 3 टेबल, एक अलमारी, बर्तन तथा स्टाफ के लिए 5 कुसिर्यां प्राप्त हुई हैं।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने 20 से अधिक भामाशाहों का सम्मान किया तथा केंद्र में सहजन फली का पौधा लगाया। इस दौरान कठपुतली द्वारा पोषण के प्रति जागरूक किया गया। दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक शारदा चौधरी, बाल विकास परियोजना अधिकारी नवरंग मेघवाल , महिला पर्यवेक्षक आभा जोशी, सरपंच भगवाना राम चंदोरा आदि मौजूद रहे।

एनएसएस ने किया पौधारोपण

बीकानेर। मदर्स एल एस कर्मा फ़ाउंडेशन के पौधरोपण कार्यक्रम की कड़ी में फ़ाउंडेशन की टीम के द्वारा राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय बीकानेर में महाविद्यालय की चारों एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय में जामुन , करंज बिल्वपत्र ,नीम ,गुलाब ,मोगरा आदि के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर फ़ाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश सचिव डॉ. सुनीता चौधरी एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. विजय ,समस्त स्टाफ़ एवं एनएसएस के पदाधिकारी व छात्र -छात्राए उपस्थित रहे।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ विजय एवं एल एस कर्मा फ़ाउंडेशन की सचिव डॉ सुनीता द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में उपस्थित जनों को लेकर जागरूक किया।

इसी के साथ साथ पौधों व कपड़े के थैलों का वितरण भी किया गया ताकि सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर निर्भरता को ख़त्म किया जा सके ,अभी राज्य सरकार ने भी एक जुलाई से सिंगल यूज़ प्लास्टिक की थैलियों पर बैन लगा दिया है।

सार-समाचार

मुख्यमंत्री को मांगों का ज्ञापन भेजा

बीकानेर। शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मंत्रालयिक संवर्ग के कैडर रिव्यु के आधार पर दिये गये पदोन्नति पदों को भरने के मामले में नियमों में संशोधन कर अधिसूचना जारी करने की मांग की है। संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य व प्रदेशाध्यक्ष गिरिजा शंकर आचार्य ने ज्ञापन में मांग की है कि नियमों में संशोधन और छूट मिलने पर ही पदों को वास्तविक रुप से भरा जा सकेगा। अन्यथा अधिकतर पदोन्नति के पद रिक्त रहेगें।

शहरकाजी के इंतकाल पर शोक जताया

बीकानेर। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने शहरकाजी हाजी मुस्ताक अहमद के इंकाल पर शोक व्यक्त किया है। पने शोक संदेश में भाटी ने शहरकाजी हाजी मुस्ताक अहमद को एक आध्यात्मिक व्यक्ति बताया, जो हमेशा जनता के बीच प्रेम, शांति और सौहार्द्रता का संदेश फैलाते थे।

कल्याण योजनान्तर्गत गेहूं आवंटित

बीकानेर, (निसं)।प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अगस्त माह के लिए जिले को 58942.93 क्विंटल गेहूं का अतिरिक्त आवंटित किया गया है। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने उपआवंटित गेहूं का उठाव 31 अगस्त तक करवाकर वितरण सितंबर माह में सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देश दिए गए है।

टिकट चैकिंग अभियान

बीकानेर । बीकानेर मंडल पर दिनांक 27 जुलाई को अनिल रैना, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक , बीकानेर ने मंडल के टिकट निरीक्षकों के 20 स्टाफ के साथ बठिंडा को बेस रखते हुए बीकानेर-बठिंडा रेल खंड पर सघन टिकट चैकिंग अभियान चलाते हुए बेटिकट यात्रियों ,बिना मास्क, गंदगी फैलाने वालों को स्टेशन परिसर में रोकने हेतु चलाए गए अभियानों में कुल 391 मामले पकडे।

'पदमपुर में उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य कार्यक्रम आयोजित'

श्रीगंगानगर। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर "उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य, कार्यक्रम गुरुवार को श्रीकरणपुर विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर की अध्यक्षता में पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 39 आरबी के पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक कुन्नर ने कहा कि बिजली बिल में छूट देकर राजस्थान सरकार ने किसानों और आमजन को बड़ी राहत दी है।

कार्यक्रम में विधायक कुन्नर ने महंगाई-बेरोजगारी का जिक्र करते हुए कहा कि आमजन के साथ-साथ युवा भी रोजगार न मिलने से परेशान हैं। विधुत उपभोक्ताओं की संख्या और खपत बढ़ने पर उन्होंने कहा कि इस दौरान बिजली की लागत भी बढ़ी है, जिसे उपभोक्ता भुगत रहे हैं।

उपभोक्ताओं को राहत देनी होगी। बिजली को राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए उन्होंने इसके सदुपयोग का आह्वान करते हुए कहा कि सुविधा चाहिए तो हमें सावधानी भी बरतनी होगी। अधिक से अधिक लोगों तक बिजली की सुविधा

■ **बिजली बिल में छुट मिलने से लोगों को बड़ी राहत**

पहुंचाने को महत्वपूर्ण बताते हुए कुन्नर ने कहा कि राजस्थान सरकार ने बिजली के बिलों में छूट देकर किसानों और आमजन को बड़ी राहत दी है।

जिला परिषद के सीईओ मोहम्मद जुनैद ने भी बिजली बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि बिजली की उपलब्धता विकास का सूचक मानी जाती है। इसलिए आमजन आज से ही बिजली का सदुपयोग करें।इससे पूर्व विधुत विभाग के एसई लाभसिंह मान ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 10 वर्षों में जिले में बिजली की उपलब्धता, उपभोग और उपभोक्ता बढ़े हैं।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्राम विकास योजना में 9.07 करोड़, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास योजना में 42.50 करोड़, सौभाग्य योजना में 5 करोड़ की लागत से ग्रामीण क्षेत्रा के 5969 बीपीएल परिवारों और 18 हजार 765 एपीएल परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। आईपीडीएस योजना के अंतर्गत 70 करोड़ की लागत से जिले के सभी 10 शहरी क्षेत्रों की लगभग 5.5 लाख आबादी को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाई गई है। इसी क्रम में आरडीएसएस योजना के तहत 259.71 करोड़ की लागत से 33/11 किवी के 35 नये सब स्टेशन और 254 नये कृषि फीडरों की स्थापना तथा स्थापित विद्युत तंत्रा का सुदृढीकरण किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जल वितरण समिति एलएनपी नहर अध्यक्ष हनुमान पूनिया, ग्राम पंचायत 39 आरबी की सरपंच श्रीमती नवज्योत कौर औलख, कृष्ण गोदारा, रिछपाल सिंह, राकेश शर्मा, गुरबलपाल सिंह संधू, एक्सईएन कुलवीर सिंह संधू और रायसिंहनगर एक्सईएन मदनगोपाल विश्नोई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

सीएमएचओ होंगे राज्य स्तर पर सम्मानित

श्रीगंगानगर । हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता के लिए जिले में एक जुलाई से शुरू किए गए हेल्दी लीवर जागरूकता अभियान में हेल्थ डिपार्टमेंट ने स्टेट लेवल पर सैकेंड पोजिशन हासिल की है। उपलब्धि के कारण गुरुवार को जयपुर में होने वाले समारोह में सीएम अशोक गहलोत और हेल्थ मिनिस्टर परसादीलाल मीणा की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. गिरधारी लाल मेहरड़ा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. गुंजन खुंगर, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई व डॉ. बजरंग लाल पुरस्कृत होंगे। इस मौके पर देश के अन्य राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

सीएमएचओ डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि एक जुलाई से जिले में हेल्थी लीवर कैंपेन शुरू किया गया था। इसके तहत कई गतिविधियां आयोजित की गईं। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर जिले में बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्टेट और डिविजन लेवल के अफसर शामिल होंगे।

ऊर्जा मंत्री भाटी की अनुशंसा पर श्रीकोलायत के 2 राजकीय विद्यालयों में कृषि संकाय स्वीकृत

बीकानेर । ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी की अनुशंषा पर उनके विधानसभा क्षेत्र श्रीकोलायत के 02 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयो में कृषि संकाय स्वीकृत किये गये है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिये है।

रा.उ.मा.वि. बज्जू एवं दियातरा में प्रारम्भ होगा कृषि विषय अध्ययन : ऊर्जा मंत्री भाटी ने बताया की श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र के रा.उ.मा.वि. बज्जू एवं रा.उ.मा.वि. दियातरा में विज्ञान संकाय के साथ कृषि अतिरिक्त संकाय के रूप में शामिल किया गया है। कृषि संकाय में अध्ययन इसी सत्र 2022-23 में प्रारम्भ करवा दिया जायेगा। इसी वर्ष से कक्षा 11 व 12 दोनों में शिक्षण प्रारम्भ किया जा सकेगा।

कृषि एवं पशुपालन बहुल क्षेत्र के लिये बहुत बड़ी सौगात:- ऊर्जा मंत्री भाटी ने चर्चा के दौरान बताया की श्रीकोलायत कृषि एवं पशुपालन बहुलता का क्षेत्र है इसलिये यहां कृषि

■ **निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर ने आदेश जारी कर दिये है**

संकाय का अत्यधिक महत्व है। क्षेत्र के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों द्वारा कृषि संकाय की निरन्तर मांग की जा रही थी, उन्होंने इस मांग को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला के समक्ष पुरजोर तरीके से प्रस्तुत किया जिसपर उन्हें सकारात्मक आश्वासन भी मिला तथा त्वरित प्रतिफल के रूप में अल्प समय में ही क्षेत्र की 02 बड़ी ग्राम पंचायतों के रा.उ.मा.वि. में. इसे प्रारम्भ करने के आदेश भी जारी करवा दिये गये है, इसके लिये वे तथा समस्त क्षेत्रवासी मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के आभारी है।

अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में खुशी की लहर: कोलायत क्षेत्र के 02 राजकीय विद्यालयों में कृषि संकाय प्रारम्भ किये जाने की खबर से अभिभावकों एवं विद्याथिर्यो में खुशी की लहर है। उनका कहना है कि, पहले कृषि संकाय के अध्ययन के लिये उन्हें मजबूरन बीकानेर जाना पड़ता था जो आर्थिक दृष्टि के साथ-साथ अन्य सुविधाओं की दृष्टि से भी तकलीफदेह था। अब ऊर्जा मंत्री एवं स्थानीय विधायक भंवर सिंह भाटी के प्रयासों से स्वीकृत हुये कृषि संकाय का अध्ययन वह अपने घर के निकट स्थित विद्यालय में ही कर पायेंगे, इसके लिये वे ऊर्जा मंत्री के बहुत आभारी है।

वास्तविकता भी यही है ऊर्जा मंत्री भाटी के निरन्तर प्रयासों से श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में बहुत तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी शिक्षा में संभाग का पिछड़ा ब्लॉक कहा जाने वाला श्रीकोलायत आज निसंदेह अपनी उपलब्धियों की वजह से संभाग के सर्वाधिक अग्रणी ब्लॉक में गिना जा रहा है इसका बहुत कुछ श्रेय मंत्री भाटी के प्रयासों को जाता है।

कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

अनूपगढ । पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 315 बोर के पांच जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है और मौके से बोलेरो गाड़ी भी जप्त की है।

हेड कांस्टेबल गुरमेल सिंह ने जानकारी दी कि गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव 77 जीबी के पास एक व्यक्ति बोलेरो गाड़ी लेकर खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार भी है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब बोलेरो गाड़ी में बैठे व्यक्ति से नाम पूछा तो उसने अपना नाम ममनजोत निवासी गांव 21 एएस बताया। पुलिस के द्वारा तलाशी लेने पर युवक की जेब से 315 बोर के पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस ने मौके पर ही युवक को गिरफ्तार कर बोलेरो गाड़ी जप्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ अनूपगढ़ पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है इस मामले की जांच एएसआई पृथ्वी सिंह को सौंपी गई है।

मांगों को लेकर बीएसएनएल अधिकारियों ने किया प्रदर्शन

बीकानेर। बीएसएनएल कर्मचारियों व अधिकारियों के संयुक्त मंच ऑल यूनियंनस एवं एसोसिएसन ऑफ बीएसएनएल के राष्ट्रीय आहवान के तहत आज बीकानेर मे गुरुवार को काल बैज पहनकर पब्लिक पार्क स्थित महाप्रबन्धक कार्यालय के गेट पर भोजनवकास मे प्रदर्शन कर गेट मिटिंग की।

एयूएबी के बीकानेर जिला प्रवक्ता ताहिर हुसैन ने बताया कि ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आहवान के तहत यह प्रदर्शन निम्न मांगो के निराकरण की मांग को लेकर किया गया। प्रदर्शन स्थल पर एक सामूहिक सभा का आयोजन किया गया जिसे सम्बोधित करते हुए एयूएबी के जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड ने कहा कि एक तरफ देश 5जी तकनीक की तरफ बढ रहा है दूसरी तरफ सकारी कम्पनी को 4जी सेवा देने मे भी व्यवधान उत्पन्न किए जा रहे है जोकि न्यायसंगत नही है।

एयूएबी के जिला संयोजक गुलाम हुसैन ने कहां कि यह सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए बीएसएनएल को लगातार नुकसान पहुंचा रही है जिससे यह विभाग बन्द हो जाए तथा जनता को लूटा जा सके।

बीएसएनएल इन्यू के परिमण्डल अध्यक्ष कमल सिंह गोहिल ने अपने सम्बोधन मे कहां कि जो टावर बीएसएनएल कम्यिो ने अपनी मेहनत से खडे किए थे पूजीतियो की सरकार बीएसएनएल को बर्बाद करने के लिए उन्हे बेचने मे लगी हुई है सरकार द्वारा रिवाईवल पैकेज की धोषणा करना एक दिखावा है क्योकि अक्टूबर 2019 मे धोषित रिवाईवल पैकेज को भी अभी तक लागू नही किया गया है, सरकार अब बीएसएनएल कर्मचारियों के धेर्य की परीक्षा न ले। एसएनईए के परिमण्डल अध्यक्ष महेष व्यास ने कहांकि बीएसएनएल को 4जी सेवा देने मे सरकार को कुछ भी करने की आवष्यकता नही है जो टावर वर्तमान मे अभी है उन्हे ही अपग्रेड किया जा सकता है।

घग्घर के पानी ने जीबी क्षेत्र में किया प्रवेश

सूरतगढ़। क्षेत्र की एकमात्र अन्तर्राष्ट्रीय बरसाती नदी घग्घर का पानी 5 जीबी चेतक पुल को पार कर गया। जीबी क्षेत्र में पानी आने से किसानों में खुशी है। घग्घर नियंत्रण कक्ष के सहायक अभियंता सहीराम यादव ने बताया कि केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ से होते हुए घग्घर का पानी गांव पांच जीबी के चेतक पुल को पार कर गया। इस दौरान मौके पर एईएन व बेलदार चेतक पुल पर मौजूद रहे।

घग्घर नियंत्रण कक्ष के सहायक अभियंता ने बताया कि नाली बैड में 4700 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है। देर रात तक पानी 9 जीबी क्षेत्र में प्रवेश कर जाएगा। वहीं गुरुवार शाम तक पानी के श्रीविजयनगर क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है।

किसान कुलदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरदीप सिंह ने बताया कि इस समय धान, नरमा व ग्वार फसल में सिंचाई पानी की आवश्यकता है।

पुष्करणा दिवस समारोह 9 को

बीकानेर । पुष्करणा समाज के द्वारा मां उष्ट्र वाहिनी माता जी की पूजा अर्चना कर 9अगस्त को पुष्करणा दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा इसी श्रंखला में बीकानेर में राजस्थान पुष्टि कर यूथ विंग की ओर से दो दिवसीय पुष्करणा दिवस समारोह का आगाज पूर्व संध्या पर 9 अगस्त को किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए महासचिव सुभाष जोशी ने बताया कि पूर्व संध्या पर जस्सूसर गेट के अंदर स्थित हरि हैरिटेज हरि नारायण महाराज की कोटड़ी में समारोह आयोजित किया गया है जिसमे समाज की उन विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा जिनकी आयु 75 वर्ष से अधिक हो। जोशी ने बताया कि समारोह में ही उन युवाओं व युवतियों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने मार्च 2021के बाद सरकारी सेवाओं में नियुक्ती प्राप्त कर ली है चाहे वह किसी भी विभाग में किसी भी पद पर कार्यरत हैं ।जोशी ने बताया कि समारोह में 2021अप्रेल के बाद पुष्करणा समाज के राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता रहे हैं या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता या प्रतिनिधित्व किया है उन सभी खिलाडि़यों को भी सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में शामिल होने के लिए 31 जुलाई तक आवश्यक रूप से अपना नाम आधार कार्ड व मोबाइल नंबर की फोटो कापी शीघ्र ही जमा करवा सकते हैं।31 जुलाई के बाद आवेदन या नाम नहीं लिए जाएंगे। साथियों से अनुरोध है कि वे शीघ्र अपने डोक्युमेंट जमा करवाए जोशी वाड़ा मे मोडर्न स्टूडियो में या महासचिव सुभाष जोशी को, उपाध्यक्ष गिरिराज बिस्सा को,डा विजय आचार्य , जय नारायण बिस्सा को एवं मनोज व्यास जी को। 9 अगस्त को हरि हैरिटेज में समारोह सायं 5बजे से प्रारंभ होगा। तथा 10 अगस्त को श्रावण शुऊर्जा मंत्री भाटी ने शहरकाजी के इंतकाल पर शोक व्यक्त किया।

पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज के लक्षण

श्रीगंगानगर । लम्पी स्किन डिजीज गायों एवं भैसों में तेजी से फैलने वाला एक वायरस जनित रोग है। इस रोग से सभी उम्र के पशु प्रभावित होते है। जिले के बहुत से गाय एवं भैंसों में इस रोग का प्रकोप पाया गया है। यह एक प्रकार का संक्रामक रोग है, जो कि वायरस के कारण होता है। यह रोग केवल पशुओं में ही पाया जाता है। चिचड, मक्खी एवं मच्छर इस रोग के प्रमुख वाहक है।

इस रोग प्रकोप में पशुओं के पूरे शरीर पर त्वचा पर छोटी-छोटी गांठे हो जाती है। रोग की शुरूआत पशु में तेज बुखार (103 से 105 डिग्री फेरनहाईट) होता है। कुछ पशुओं में पैरो पर सूजन आ जाती है, नाक से एंव आंखों से पानी आना शुरू हो जाता है।

यह रोग 10-15 दिन बाद पशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता के अनुसार स्वत: ही ठीक हो जाता है, वायरस पर कोई दवा असर नहीं करती है।

दो जोड़ी यूनिफार्म की सिलाई दर को लेकर असमंजस

बीकानेर। सरकार की घोषणा अनुसार इस शिक्षण सत्र से पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म का कपड़ा देने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने सभी समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयकों को उनके जिले में 30 जुलाई तक नामांकित विद्यार्थियों की जानकारी एक अगस्त तक अपडेट कर भेजने के निर्देश दिए हैं। सभी पीईईओ तथा यूसीईईओ को अपडेटेड सूचना निर्धारित प्रपत्र में ब्लॉक तथा जिला कार्यालयों के माध्यम से भेजने को कहा गया है।

उस संख्या के आधार पर निशुल्क यूनिफॉर्म का कपड़ा स्कूलों को उपलब्ध कराए जाएगा। हालांकि, सरकार की इस योजना के लागू होने से स्कूली बच्चों के उन गरीब माता पिता को थोड़ी राहत होगी, जिनके लिए स्कूल ड्रेस बनवाना भी बजट को बिगाड़ देता था। उसके बावजूद दो जोड़ी यूनिफार्म सिलाई के मात्र 175 यानी पौने दो सौ रुपए देकर सरकार ने योजना में खामी खोजने वालों के लिए बड़ी गुंजाइश छोड़ दी है।

स्कूलों को नामांकन के आधार पर विद्यार्थियों को दो यूनिफॉर्म का कपड़ा उपलब्ध कराया जाएगा तथा यूनिफॉर्म को सिलाने के निर्धारित 175 रुपए स्कूलों के खाते में दिए जाएंगे।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि 175 रुपए में दो यूनिफॉर्म क्या एक यूनिफॉर्म भी सिलाना संभव नहीं है। इतनी कम राशि में एक शर्ट तक नहीं सिलाया जा सकता, ऐसे में दो यूनिफॉर्म सिलाना संभव नहीं है। हालांकि शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि कम पड़ने वाली राशि के लिए संस्था प्रधान भामाशाहों को प्रेरित करें तो यूनिफॉर्म सिलाना कोई मुश्किल नहीं है। जबकि संस्था प्रधानों का कहना है कि वे तो जो राशि सरकार द्वारा दी जाएगी, वह बच्चों के अभिभावकों के सुपुर्द कर देंगे।

सरपंच एसोसिएशन ने आंदोलन की चेतावनी दी

अनूपगढ । यहां गुरुवार को सरपंच एसोसिएशन के द्वारा उपखंड कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में सरपंच सरपंच एसोसिएशन ने लिखा है कि पंचायती राज विभाग व सरकार के द्वारा सरपंच संघ से 21 मार्च में मांग पत्र पर समझौता किया गया था, लेकिन सरपंच संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बार-बार निवेदन करने के बाद भी जिन मांगों पर सहमति बन गई थी, उनके आदेश अभी तक जारी नहीं किए जा रहे हैं।

इसके अलावा नागौर दौरे के समय पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा के द्वारा मनरेगा में लगाए गए अनियमितताएं व घोटालों के आरोप के कारण सरपंच संघ में भारी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में सरपंच संघ के द्वारा राजस्थान सरकार से हुए लिखित समझौते को लागू करने की मांग की है। साथ ही मांग नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बीकानेर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने गुरुवार को बीकानेर पहुंच कर संभाग विस्तारक परिचय बैठक और संगठनात्मक विषयों से संबंधित विभिन्न बैठकों में हिस्सा लिया।

चंद्रशेखर के बीकानेर शहर पहुंचने पर गांधी नगर स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में शहर और देहात भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह और देहात जिलाध्यक्ष ताराचंद सारस्वत के नेतृत्व में उनका भावभीना स्वागत और अभिनंदन किया। शहर भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर और मुंह मीठा करवाते हुए संगठन महामंत्री का अभिनंदन किया ।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर के साथ बीकानेर पहुंचे प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया का भी स्वागत किया।

स्वागत के प्रत्युत्तर में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए चन्द्रशेखर ने आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अभी से पुरजोर और पुख्ता तैयारी का आह्वान करते हुए शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक मजबूत और अजेय बनाने की बात कही। उन्होंने संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व और अभियान को पूरी शिद्दत और गंभीरता के साथ पूर्ण करने की बात रखी ।

इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी ओम सारस्वत, शहर जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, देहात अध्यक्ष ताराचंद सारस्वत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुमताज अली भाटी, गुमान सिंह राजपुरोहित, विजय आचार्य, जिला महामंत्री मोहन सुराणा, अनिल शुक्ला, कुंभाराम सिद्ध, नरेश नायक, जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापत, गोकुल जोशी, बंशीलाल तंवर, मधुरिमा सिंह, भगवान सिंह मेड़तिया, निर्मला खत्री, जिला मंत्री अरुण जैन, मनीष आचार्य, देवीलाल मेघवाल , कौशल शर्मा, प्रोमिला गौतम, इंद्रा व्यास, वेद व्यास, श्याम सुंदर चौधरी, सुमन छाजेड़, सोहनलाल चांवरिया, उस्मान खलीफा, श्याम पंचारिया, अजय खत्री, जेठमल नाहटा,अभय पारीक, मुकेश ओझा, विनोद करोल , चंद्रप्रकाश गहलोत, कमल आचार्य, पार्षद जितेन्द्र सिंह भाटी, सोशल मीडिया संभाग संयोजक कोजूराम सारस्वत, सरिता नाहटा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रुपयों के लेनदेन के विवाद में बुजुर्ग का मर्डर

हनुमानगढ़ , जिले के टाउन थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़े बुजुर्ग को कुछ लोगों पीट-पीटकर मार दिया। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से लैस होकर आए करीब 6 लोगों ने बुजुर्ग पर ताबड़तोड़ वार किए और फरार हो गए। सिर में गंभीर चोटें लगने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन बुजुर्ग को लहूलुहान हालत में लेकर जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे, जहां डॉक्टर को मृत घोषित कर दिया। टाउन पुलिस ने रात को शव मोर्चरी में रखवाया और पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बेटे ने 3 नामजद और 3 अन्य लोगों के खिलाफ मर्डर का केस दर्ज कराया है। प्रथम दृष्टया रुपयों के लेनदेन के विवाद में बुजुर्ग का मर्डर करने की बात सामने आई है।

एसआई पूर्ण सिंह ने बताया कि गांव कोहला के वार्ड नंबर 9 निवासी हंसासिंह (65) पुत्र करतार सिंह रायसिख खाना खाकर घर के बाहर खड़ा था। उसी समय 6 लोग हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर आए और हंसा सिंह पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए।

निरीक्षण दल ने मिठाई और तेल के भरे सैम्पल लिए

हनुमानगढ़ जिले में गुरुवार को खाद्य सामग्री बनाने व बेचान करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण किया

हनुमानगढ़ । जिले में गुरुवार को खाद्य सामग्री बनाने व बेचान करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही कर खाद्य सामग्री के तीन सैम्पल भरे गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही की गई। निरीक्षण दल में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीतसिंह यादव व टैक्नीशियन दलीप सिंह ने खाद्य सामग्री को बनाने एवं बेचान करने वाले संस्थानों की जांच की एवं सैम्पल एकत्र किए। डॉ. शर्मा ने बताया कि बुधवार को हनुमानगढ़ में मै. जोधपुर स्वीट्स से कलाकंद मिठाई, मै. न्यू रानी भटियानी जोधपुर स्वीट्स से पेडा मिठाई एवं मै. राशनलाल महेन्द्र कुमार से सरसों के तेल का सैम्पल भरा गया। संग्रहित किए गए सैम्पलों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में अगर कहीं पर मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार अथवा बेचान किया जाता है, तो उसकी सूचना मोबाइल नम्बर 75972-22000 अथवा वट्सऐप पर दी जाए।

1 किलो डोडा-पोस्त के साथ युवक गिरफ्तार

हनुमानगढ़ । जिले की जंक्शन पुलिस ने एक युवक को 1 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने किसी ट्रक ड्राइवर से पोस्त खरीदने की बात बताई है। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया और 1 दिन के रिमांड पर लिया है।

थाना प्रभारी चन्द्रभान धुंआ ने बताया कि एसआई मांगूराम के नेतृत्व में गश्त कर रही पुलिस टीम ने पुलकित स्कूल के पास कार्रवाई करते हुए 1 युवक के कब्जे से प्लास्टिक के लिफाफे में भरा 1 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरजोत सिंह (23) पुत्र सुखविन्द्र सिंह निवासी वार्ड 1, रामदास कॉलोनी, श्रीविजयनगर (श्रीगंगानगर) हाल हाउसिंग बोर्ड, हनुमानगढ़ जंक्शन बताया। उन्होंने बताया कि रिमांड अवधि व अनुसंधान के दौरान ट्रक ड्राइवर की पहचान की जाएगी। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी खुद पोस्त का सेवन करता है या बेचता है।